मुख्यमंत्री ने डी.जी. वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया

चर्चा में क्यों?

5 फरवरी, 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर डी.जी. वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मोबाइल डी.जी. वैन जनता को डिजिटल इंडिया के बारे में जानकारी प्रदान करेगी।

प्रमुख बिंदु

- जी-20 कार्यक्रम के अंतर्गत इस मोबाइल डी.जी. वैन का उद्देश्य जनता को डिजिटल इंडिया के बारे में जानकारी प्रदान करना है।
- यह डी.जी. वैन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित डिजिटल इंडिया अभियान की महत्त्वपूर्ण डिजिटल नव पहलों- 'माई गॉव', 'डिजी लॉकर', 'ई-हॉस्पिटल', 'ई-नाम', 'जेम पोर्टल', 'यू.पी.आई.', 'उमंग', 'जी.एस.टी.एन.', 'साइबर सुरक्षित भारत', 'आरोग्य सेतु'आदि को दिखाएगी।
- इस वैन में वी.आर. सेटअप भी है, जिसके माध्यम से लोग विभिन्न प्रकार के डिजिटल एप्लीकेशन, जैसे यूपीआई एप्लीकेशन के माध्यम से पेट्रोल पंप पर भुगतान, डिजिलॉकर के माध्यम से ट्रैफिक पुलिस को अपना ड्राइविंग लाइसेंस दिखाना इत्यादि का वर्चुअल डेमो देख सकेंगे।
- उत्तर प्रदेश ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में अग्रणी राज्य है। डिजिटल इंडिया मिशन के अंतर्गत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। खाद्य एवं रसद विभाग के अंतर्गत राशन की दुकानों में ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। इससे खाद्यान्न वितरण में पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था स्थापित हुई है।
- भू-तत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के तहत खनन प्रबंधन के लिये 'माइन मित्रा' एवं अन्य तकनीकी अवसंरचनाओं का सृजन किया गया।
- इस वैन में 2 स्क्रीन, इंट्रैक्टिव क्विज के लिये हैं, जिस पर डिजिटल इंडिया व जी-20 के बारे में व्यक्ति अपने ज्ञान को प्रदर्शित कर सकते है।
- इसी क्रम में प्रदेश के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त और सक्षम बनाने के लिये, राज्य सरकार द्वारा 'स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना' के अंतर्गत 'डिजीशक्ति पोर्टल' के माध्यम से छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- आगामी 5 वर्षों में कुल 2 करोड़ टैबलेट/स्मार्टफोन वितरित किये जाने का लक्ष्य है। अब तक 20 लाख युवाओं को निःशुल्क टैबलेट/स्मार्टफोन प्रदान किये जा चुके हैं।
- बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिये प्रेरणा पोर्टल विकसित किया गया है। तकनीक का बेहतर उपयोग करके मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, 1090- विमेन पावर लाइन हेल्पलाइन को समुचित रूप से क्रियान्वित कराया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-chief-minister-flagged-off-the-dg-van